श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, हमारी ि ाक्षा मंत्री महोदय बहुत ही योग्य मंत्री हैं। मैं इनसे जानना चाहता हूं कि इस समय हरियाणा में कितने ऐसे कालेज हैं जहां साईस ब्लांक की कंस्ट्रक ान कब तक हो जाएगी?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, इस समय हरियाणा में 16 सरकारी और 34 गैर सरकारी कॉलेजिज ऐसे हैं जहां पर साईस ब्लॉक्स नहीं हैं और वहां पर साईस क्लासिज नहीं चल रही हैं। आठवी पंचवर्शीय योजना मे सभी 16 सरकारी कालेजों में साईस आरम्भ कर दी जाएगी।

चौधरी कि ान सिंह सांगवानः अध्यक्ष महोद, जब श्री खुर ाीद अहमद जी ने ि ाक्षा मंत्री थे, तो उन्होनें में साईस

क्लासिज भ्रारू करने का आ वासन दिया था। वहां पर बिल्डिग तैयार हैं। लैबोरेटरी भी तैयार हैं और साईस ब्लौक भी तैयार हैं। मैं माननीय मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगी कि क्या इस ऐकेडैमिक सै ान से वहां पर साईस क्लासिज भ्रारू जाएंगी?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ठीक कह रहे हैं मोहना में 6 कमरे मुकम्मल हैं। श्री खुर ाीद अहमद जी ने जो आ चासन दिया था, हम उसको पूरा करेंगे। इस वर्श के बजट में वहां साईस क्लासिज प्रारमी करने का प्रावधान नहीं हैं लेकिन अगामी सै ान में गोहाना में साईस क्लासिज प्रारम्भ कर दी जाएंगी।

श्री उदय सिंह भानः अध्यक्ष महोदय, होडल कालेज के लिए जमीन ऐक्वायर करने की कार्यवाही काफी सालों से चल रही हैं। मैं माननीय ि ाक्षा मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगी कि जमीन अधिग्रहण की कार्यावाही कब तक पूरी हो जाएगी?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, एक बार यह जमीन अधिग्रहण करने के लिए दफा 6 की नोटिफिके ान भी हो गई थी लेकिन उसके बाद लॉ डिपार्टमैंट ने इसमें कोई टैक्नीकल कमी निकाल दी। दोबारा फिर सैक ान 4 की नोटिफिके ान दिनांक 3–1–1989 को ई ाू की गई हैं। दफा 6 को नोटिस अभी होना बाकी हैं।

Illegal possession of the land of Municipal Committee, Shahabad

*981. Shri Harnam Singh: will the Deputy Chief Minister (II) be pleased to state-

(a) whether any land of Municipal Committee Shahabad wa given on lease during the period from 1-9-1968 to 31st December, 1970 if so, the details of the land, the name of lessee (s) and the perid for which iut was given on lease;

(b) whether sanction of the competen authority was taken before the said land was given on lease; if not, the reasons therefor; and

(c) in case the said land is still under illegal possession of the lessee, the steps, if any, taken or proposed ot be taken to get illegal possession vacated?

उप मुख्य मंत्री (डा मंगल सैन):

(क) हां इसका विवरण निम्न प्रकार हैं–

क्रं0 सं0	पट्टेदार का नाम	भूमि का विवरण	पट्टे की अवधि
1	श्री खरैती लाल मलिक	सिविल हस्पताल, भााहाबद के समीप 4330	99 वर्श

		वर्ग गज	
2	प्रधान मारकण्डा नै ानल कॉलेज, भााहबाद	जी0 टी0 रोड़श 16000 वर्ग गज	9 वर्श (अब यह प्लाट पट्टा पर नहीं हैं)
3	सनातन धर्म महावीर दल	जोहड़ सब्जी मंडी 28316 वर्ग गज	9वर्श

(ख) क्रम संख्या क (1) पर वर्णित भूमि श्री खरैती लाल मलिक को पट्टे पर दी गई, जोकि इस उसमय नगरपालिका का प्रधन था, सक्षम अधिकारी से स्वीकृत प्राप्त नहीं की गई। क्रम संख्या क (2) तथा क (3) पर द ार्ाई गई भूमि को स्वीकृत, सक्षम प्राधिकारी अर्थात नगरपालिका से प्राप्त की गई।

(ग) क्रम संख्या क (1) के मामले में पट्टा रद्द किया जा चुका हैं, और श्री खैरती लाल मलिक को दिनांक 13–2–89 को, भूमि खाली करने हेतु 5 वर्श का नोटिस दिया गया हैं।

श्री हरनाम सिंहः अध्यक्ष महोदय, लीज कैंसिल हुई और लीज कैंसिल होने के बादन इतने लम्बे तक पड़ी रही और अगली कार्यवाही के लिए नोटिस दिनांक 13–2–1989 को दिया गया। मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या इस डिले के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई हैं?

डा0 मंगल सैनः अध्यक्ष महोदय, मेरी जानकरी में यह बात तब आई, जब इनका सवाल मिला। मैं इस सवाल के लिए इनका धन्यवाद करता हूं और इसका जवाब यह हैं कि जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ अव य कार्यवाही करेंगे।

श्री हरनाम सिंहः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं कि इस अवैध लीज की जिस सैक्रेटरी ने रजिस्ट्रे ान करवायी थी, उसको ही यहां बदल कर लगा दिया गया, यह क्यों लगाया गया और किस नीति का नतीजा हैं?

डा0 मंगल सैनः डाक्अर हरनाम सिंह जी, इसमें कोई नीति नहीं हैं। अगर वह वापिस आ गया हैं तो फिर बाहर भेज दिया जायेगा। उसे मिवचीव करने का मौका नहीं दिया जायेगा।

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर सर, मैं आपको माध्यम से उप मुख्य मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या नगरपालिकाओं की भूमि के अवैध कब्जे के मामले उनके ध्यान में

आये है और अगर आये हैं तो क्या ऐसी जमीनों को खाली करवाने के बारे में ड्राईव चलायी जायेगी?

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब यह भााहबाद म्यूनिसिपल कमेटी का सवाल हैं सभी म्यूनिस्पिल कमेटीज के बारे में सवाल नहीं हैं। इसलिए जवाब नहीं दिया जा सकता।

श्री अध्यक्षः ठीक हैं, इसका जवाब देना मु ाकल हैं क्योकि यह सप्लीमेंटरी इस सवाल से सम्बन्धित नहीं है।

श्री हरनाम सिंहः स्पीकर साहब, मेरे सवाल का जवाब नहीं आया। मैंने यह अर्ज की थी यह लीज कब कैंसिल हुई और कैसिल होने के बाद जमीन खाली करवाने का काम जिन्होंनें नहीं किया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की हैं और यह लीज कब कैंसिल हुई हैं?

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, वैसे तो डाक्टर हरनाम सिंह जी को हर बात का अच्छी तरह से पता हैं लेकिन चूकिं सदन में पूछ रहे हं इसलिए उन्हें जवाब दे देता हूं। हमारे ध्यान में जब यह बात आयी तो सरकार द्वारा पट्टादारी रद्द करने की दी गई हिदायतों के पत्र क्रंमाक 5553 दिनांक 29–9–75 के अनुसार दिनांक 13–3–1989 को जमीन खाली करने का पांच वर्श का नोटिस दिया गया।

श्री हरनाम सिंहः इसमें समय का पता लगना चाहिए। इसकी कैंसिल की तारीख और बीच के समय पता लगना चाहिए। यह नोटिस तो 13–2–89 का हैं।

डा0 मंगल सैनः डाक्टर साहब मैंने यह बात स्पश्ट की हैं और आपको अच्छी तरह से मालूम भी हैं। तभी ता आप सैक्रेटरी को कह रहे है कि वह करप्ट है। यह बात सही है कि काग्रेस रिजीम मे उन लोगों से मिल कर घपला किया गया हैं जिस समय नोटिस दिया जाना चाहिए था, नहीं दिया। मैं कनफैस करता हूं कि उस समय के लोगो से मिल कर यह सब कुछ किया हैं। मैं इनके खिलाफ अव य कार्यवाही करूंगा।

33 KV Sub-Station

***962. Shri Rattan LaL Kataria:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Govt. to setup 33 KV Power Station at Village Berthali, Jathlana, Mehra and Gajlana; and

(b) if so, the time by which the aforesaid Power Station at villages as referred to in part(a) above is likely to be setup?

Irrigation and Power Minister (Shri Verender Singh):

(a) No.

(b) Question does not arise.

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से इस महान सदन में बताना चाहता हूं कि पिछले मार्च सै ान में मंत्री जी ने कहा था कि जठलाना में 33 केवी का पावर स्टे ान मंजूर हो गया है और उस पर काम भुरू होने वाला है लेकिन आज मंत्री जी जवाब में नो कह रहे हैं इसका क्या कारण है?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मेरे लायक साथी ने सवाल पूछा है कि क्या बरथली और जठलाना आदि गांवों में 33 केवी का पावर हाउस बनाने की योजना है या नहीं मैनं उसका उत्तर नो में दिया है। जठलाना में 66 केवी का पावर हाउस छठी प्लान में बनाने की योजना थी लेकिन हर तरह से कोि ा ा करने के प चात भी कोई जमीन अवेलेबल नहीं हुई। इस समय सारे इलाके की सिचुए ान को देखते हुए और इस दौरान जो बडे सब स्टे ान बन गये है। उनके मददेनजर फिलहाल हमने 66 केवी की स्कीम को ड्रौप कर दिया है। जब वहां पर लोड इतना डिवैल्प हो जायेगा और आव यकता महसूस करेंगें तब वहां यह बनाया जायेगा।

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर साहब, रादौर का इलाका चालीस साल से उपेक्षित है। इसलिए मैंने जिन गांवों के नाम दिये हैं क्या इसमें 66 केवी के पावर हाउस बनाने पर विचार करेंगे क्योंकि वहां के किसानों को राहत देना जरूरी है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर सर, इस समय जो मेहरा गांव है वह रादौर स्टे ान से फीड हो रहा है। इनका जो चौथा गांव गजलाना है वह लाडवा स्टे ान से फीड होता है। इस समय तो इस इलाके से इन गांवों की कोई ि ाकायत बोर्ड के पास नहीं है। ज्यों ही लोड ज्यादा डिवैल्प हो जायेगा, चाहे वह रादौर हल्का हो या हरियाणा प्रान्त का कोई दूसरा हल्का हो, बिजली बोर्ड उसकी रिक्वायरमैंट मीट करने के लिये हर जगह प्रयास करेगा।

चौधरी राम कि ान सिंह सांगवानः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह कहना चाहता कि करीब एक साल पहले वे गुरूकुल खानपुर में गये थे। वहां पर खानपुर कलां गांव के लिये उन्होंने 33 केवी स्टे ान का एलान किया था। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस बारे में क्या कार्यवाही हुई है और अब तक क्या प्रोग्रेस हुई है?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर सर, मैंने एलान नहीं किया था लोगों की डिमांड आयी थी। मैंने यह कहा था कि इसको ऐग्जामिन करवायेंगे और अगर जस्टीफाईड डिमांड हुई तो यहां पर सब स्टे ान जरूर बना दिया जायेगा। उसकी रिपोर्ट अभी तक मेरे पास पुट–अप नहीं की गयी है।

श्री भगवान सहाय रावतः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से एक तो 33 केवी और 66 केवी स्टे ान बनाने का काइटेरिया जानना चाहता हूं और दूसरे काइटेरिया को देखते हुए

क्या पलवल और होडल के बीच में कहीं पर यह स्टे ान बनाने का विचार है?

श्री अध्यक्षः रावत साहब, कहां कुरूक्षेत्र और कहां होडल और पलवल? आप कहां से कहां चले गये।

श्री रतन लाल कटारियाः मैं माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या गांव बेरथला में 66 केवी स्टे ान बनाने का कोई सर्वे पिछले दिनों हुआ है?

श्री अध्यक्षः क्या यह जो चार गांवों के बारे में आपने पूछा है उसमें भाामिल नहीं है?

श्री रतन लाल कटारियाः जी नहीं।

श्री वीरेन्द्र सिंहः मेरे पास तो बेरथली है।

श्री रतन लाल कटारियाः सर, यह बेरथला गांव बेरथली गांव के बिल्कुल पास ही पडता है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः बेरथली गांव के बारे में पोजी ान यह है कि वहां पर 6 केवी का ट्रांसफार्मर था, पहले हमने उसको बढाकर 8 केवी का किया है और अब 8 से 10 केवी का करने जा रहे हैं। हम लोड की रिक्वायरमेंट के हिसाब से कैपेसिटी बढाते जा रहे हैं। जब भी कोई आव यकता महसूस करेगा, बोर्ड सबस्टे ान्ज का जरूर औगमैंट करेगा। ऐसी हमारे बोर्ड की पालिसी है।

Government College at Israna

***937. Chaudhri Satbir Singh Kadian:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to open a Government College at Israna in Tehsil Panipat of District Karnal; and

(b) if so, the time by which the aforesaid proposal is likely to materialize?

ि ाक्षा मंत्री (श्रीमति सुशमा स्वराज):

(क) नहीं जी, परन्तु इस सम्बन्ध में एक प्रार्थना अव य प्राप्त हुई है जिसका परीक्षण किया जा रहा है।

(ख) इस हेतु कोई समय निर्धारण सम्भव नहीं है।

चौधरी सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर साहब, मैं माननीय मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि अगर हम 20 एकड जमीन कालेज खोलने के लिये मुफत दे दें, तो क्या वहां पर अप्रैल 1990 से कालेज खोलने का कश्ट करेंगी?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, कालेज अकेले 20 एकड जमीन देने से नहीं खोला जा सकता। कालेज खोलने के लिये 15 एकड जमीन के साथ ही डेढ करोड रूपये की आव यकता होती है। इसके साथ ही हमें यह भी देखना पडता है कि बराबर में कालेज कितनी दूरी पर है और फीडिंग इंस्टीच्यू ान

कितने हैं। इसलिये केवल जमीन देने से अप्रैल 1990 में कालेज खोलने का आ वासन हम नहीं दे सकते।

चौधरी सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर साहब, मैं मंत्री महोदया से यह बताना चाहता हूं कि हम जमीन के साथ साथ 5 लाख रूपया भी दे देंगे। वहां पर काफी दूर तक कोई कालेज नहीं है। क्या मंत्री महोदया वहां पर कालेज खोलने के बारे में कश्ट करेंगी?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, डेढ करोड की तुलना में 5 लाख रूपया तो आटे में नमक के बराबर है।

तारांकित प्र न नं0 983

यह प्र न पूछा नहीं गया क्योंकि माननीय सदस्य श्री मनी राम इस सदन में उपस्थित नहीं थे।

Allotment of Land by HUDA to Coop. Group Housing Societies

***964. Shri Kanti Parkash Bhalla:** Will the Deputy Chief Minister (I) be pleased to state-

(a) whether any decision was taken in the meeting held between the Chief Administrator HUDA Registrar Cooperative Societies, Haryana and the representatives of the Coop. Group Housing Societies, Panchkula on the 20th October, 1987; if so, the details thereof;

(b) the action taken or proposed to be taken on the application received from the Cooperative Group Housing Societies, Panchkula for the allotment of land by HUDA under the Cooperative Group Housing Scheme during the year 1988;

(c) the number of Cooperative Group Housing Societies, out of those referred to in part(b) above, which have been allotted land so far; and

(d) the time by which the remaining societies as referred to in part(b) above are likely to be allotted land togetherwith the rate (Per Sq. Mtr.) of the allotment of land thereof?

उप मुख्यमंत्री (श्री बनारसी दास गुप्ता):

(क) 20 अक्तूबर 1987 को कोआप्रेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज ऐसोसिये ान के प्रतिनिधियों एवं मुख्य प्र ाासक हरियाणा भाहरी विकास प्राधिकरण के मध्य बातचीत हुई जिसमें कोई भी औपचारिक निर्णय नहीं लिये गये।

(ख) कोआप्रेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज ऐसोसिए ान पंचकूला से कोई भी सप्रमाण प्रार्थना पत्र जो कि निर्धारित फार्म पर हो एवं जिसके साथ मुख्य प्र ाासक हरियाणा भाहरी विकास प्राधिकरण को धरोहर रा ि ा बन्धक (प्लैज) की गई हो, प्राप्त नहीं हुआ था। जो आवेदन पत्र 1985 में इस योजना की समाप्ति के प चात वर्श 1988 में प्राप्त हुए उनकी इस योजना के अन्तर्गत कोई मान्यता नहीं है।

(ग) कोई नहीं।

(घ) चूंकि कोई भी प्रमाणित आवेदन पत्र इस स्कीम के लिए निर्धारित तिथि या बढाई गई तिथि तथा इस योजना की समाप्ति तिथि 31 दिसम्बर 1985 तक प्राप्त नहीं हुआ अतः पहली नीति के अन्तर्गत भूमि नियतन का प्र न ही उत्पन्न नहीं होता।

श्री कान्ति प्रका ा भल्लाः क्या डिप्टी चीफ मिनिस्टर महोदय बताने की कृपा करेंगे कि ऐप्लीके ांज लेने की अवधि बढाने के बारे में क्या सरकार सोच रही है और क्या जो ग्रुप हाउसिंग की स्कीम है उसको सरकार ने बिल्कुल ही छोड दिया है या अभी चालू है?

श्री बनारसी दास गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, हरियाणा भाहरी विकास प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग स्कीम की नई नीति निर्धारित की है। वह नई नीति इस प्रकार से है–

कोआप्रेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी को अपनी जमीन पर कोई कालोनी डिवैल्प करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। अगर कोई कोआप्रेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी है और हमारी नई नीति के नीचे मकान बनाना चाहती है तो उसको डिवैल्प की हुई जमीन हुडडा की तरफ से देंगे। ग्रुप हाउसिंग की स्कीम मल्टी स्टोरी बिल्डिंगज यानि फलैटस बनाने की है एक मंजिल या दो मकान बनाने की नहीं बल्कि बहु मन्जिल बिल्डिंग बनाने की इजाजत दी जाएगी। हमारी नई नीति क्या है वह मैं विस्तार से बता देता हूं–

1. सहकारी कर्मचारियों, सार्वजनिक क्षेत्रों के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों बोर्डो, निगमों, सेना सेवायें, आरमी वैल्फेयर ओर्गेनाईजे ान इत्यादि को सहकारी समितियां स्थापित करने के लिए बढावा दिया जाये।

2. सार्वजनिक क्षेत्र ओर्गेनाइजे ांज तथा कम्पनियों को अपने कर्मचारियों को किराये पर मकान देने के लिए ग्रुप हाउसिंग प्रोजैक्ट का निर्माण करने की स्वीकृति दी जाये।

3. उपर लिखित सहकारी वर्ग/सार्वजनिक क्षेत्र ओर्गेनाईजे ान/कम्पनियों को उसी भूमि पर ग्रुप हाउसिंग प्रोजैक्ट बनाने की स्वीकृति दी जाये जो कि इस उददे य के लिये हुडडा द्वारा उनको नियतन की गई है।

4. सहकारी समितियों को अकेले अकेले प्लाट का विकास करने की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

5. केवल हुडडा द्वारा नियतन की गई भूमि पर ही ग्रुप हाउसिंग की स्वीकृति दी जाएगी।

6. किसी भी सहकारी समिति को स्वयं भूमि लेकर, जोकि हुडडा द्वारा नियतन न की गई हो, उस पर ग्रुप हाउसिंग प्रोजैक्टस या अकेले अकेले प्लाट का निर्माण करने की स्वीकृति नहीं दी जायेगी।

7. सहकारी समितियों के जो प्रार्थना पत्र हुडडा के पास भूमि नियतन के लिये पडे हैं उन पर विचार किया जाएगा यदि वह उपरोक्त प्रद र्शक नीतियों के अनुसार है।

8. हुडडा द्वारा सहकारी समितियों के लिये भूमि केवल उपरोक्त वर्गों को नियतन करने तक ही सीमित रहेगी।

श्री मुनी लालः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने बताया है कि हाउसिंग बोर्ड भूमि नियतन नहीं करेगा बल्कि हुडडा द्वारा भूमि दी जाएगी। आज हालत यह है कि कई कई साल तक कालोनी हाउसिंग बोर्ड द्वारा नहीं बनाई जा रही है। रिवाडी में दस साल हो गए है लेकिन वहां पर अभी कुछ भी नहीं बना है। न वहां पर सडक है और न ही वहां सिवरेज है। लोग पूछते है कि कब तक वहां पर कालोनी बनेगी क्योंकि लोगों ने पैसा जमा कराया हुआ है। क्या उपमुख्यमंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इस तरह की कालोनीज कब तक बनाई जाएगी?

श्री बनारसी दास गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, यह बात ठीक है कि कई जगह पर हुडडा ने भूमि ऐक्वायर की हुई थी लेकिन वहां पर विकास कार्य नहीं हो सका। अभी पिछले हफते तीन चार जगह पर मीटिंग बुलाई थी और सारे आफिसर्ज/ अधिकारियों को हिदायत दी गई कि ऐसी कालोनीज को जितना जल्दी से जल्दी सम्भव हो सके डिवैल्प किया जाए।

श्री कान्ति प्रका ा भल्लाः क्या डिप्टी चीफ मिनिस्टर साहब बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने कोआप्रेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज से ऐप्लीकें ाज लेने के बारे में कोई डेट फिक्स की है?

श्री बनारसी दास गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, जो नई नीति निर्धारित की गई है उसके अन्तर्गत कोई तिथि फिक्स नहीं है। जब भी चाहे सोसायटी ऐप्लीके ान दे सकती है।

श्री कैला ा चन्द भार्माः अध्यक्ष महोदय, नारनौल एक जिला हैड क्वार्टर है और वहां पर हुडडा की कोई कालोनी नहीं है। उपमुख्यमंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि क्या सरकार हुडडा की तरफ से वहां पर कोई कालोनी बनाने पर विचार कर रही है?

श्री बनारसी दास गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, अगर जरूरत होगी तो जरूर बनायी जाएगी।

Provision of Play-Ground in Govt. College, Tohana

***975. Comrade Harpal Singh:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Govt. to provide a play ground in Govt. Indira Gandhi College, Tohana; and

(b) if so, the time by which the aforesaid proposal is likely to materialize?

ि ाक्षा मंत्री (श्रीमति सुशमा स्वराज):

(क) जी हां।

(ख) इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय टोहाना के साथ लगती 56 कनाल 2 मरले भूमि जो कि पंजाब वक्फ बोर्ड की सम्पति है को लीज पर प्राप्त करने के लिये पंजाब वक्फ बोर्ड के साथ बातचीत चल रही है जब यह भूमि पंजाब वक्फ बोर्ड द्वारा कालेज के नाम अलौट पर दी जायेगी, तब कालेज को खेल के मैदान उपलब्ध करवाये जा सकेंगे। इसलिये समय अवधि नि ित करना संभव नहीं है।

कामरेड हरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, वक्फ बोर्ड की जमीन पर चर्चा करते हुए पिछली बार इस हाउस के अन्दर काफी रौला हुआ था। क्या मंत्री महोदया के नोटिस में यह बात है कि यह जो ऐग्रीकल्चर लैण्ड है जिसको ये लीज पर लेने के लिये कह रहे है वहां पर लगातार प्लाटस काटे जा रहे हैं? क्या वक्फ बोर्ड और ि ाक्षा विभाग की नालेज में भी यह बात है?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, जो जानकारी आदरणीय सदस्य दे रहे हैं वह आधी अधूरी है। यह जो जमीन है उसके लिये पंजाब वक्फ बोर्ड से हमने बातचीत की थी लेकिन वे हमसे कुछ पैसा पुरानी लीज मनी का चाहते थे क्योंकि कालेज जिस भूमि पर बना हुआ है वह जमीन पंजाब वक्फ बोर्ड की ही है। इसकी कुछ लीज मनी ऐजूके ान डिपार्टमैंट ने देनी है। वह पैसा

अब हमने उनके पास जमा करवा दिया है। लेकिन इस बीच में जब तक हमने पैसा जमा करवाया, उन्होंने यह जमीन जो हम मांग रहे हैं वह किसी जमींदार को का त करने के लिये दे दी। वे प्लाट नहीं काट रहे लेकिन हमारी यह जानकारी है कि उन्होंने दो सालों के लिये यह जमीन का त पर दे दी है। इसलिये 90 से पहले वे उन्हें खाली नहीं करवा पाएंगे। मैं यह कह सकती हूं कि कोई कालोनी वहां नहीं बन रही लेकिन यह तथ्य है कि वहां पर खेती हो रही है और बलवन्त सिंह नाम के किसी जमींदार को पंजाब वक्फ बोर्ड ने यह जमीन लीज पर दी गई है।

कामरेड हरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, बहन जी अगर इस बात की इंक्वायरी करवाएगे तो उनको सारी स्थिति का पता लग जाएगा कि जमीन लीज से पहले ही सरदार बलवन्त सिंह के पास थी और वहां पर प्लौट कट रहे हैं। नि ाानदेही हो रही है। मैं मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार एक टीम बनाकर इस सारी बात की जांच करवाने के लिए तैयार है?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय,इंक्वायरी करवाना तो हमारे अधिकार क्षेत्र में ही नहीं है क्योंकि वह जमीन पंजाब वक्फ बोर्ड की सम्पति है। हम तो केवल उनसे खतोखिलावत रके अनुरोध करके ही वह जमीन लीज पर ले सकते हैं यह बात बिल्कुल ठीक है कि वह जमीन पहले भी इस जमींदार को दी हुई थी लेकिन वह भी केवल का त करने के लिये दी हुई थी। अब भी का त के लिये दी हुई है। 19 अप्रैल को हमारे डीएचईओ ने

पत्र लिखकर जब उनसे अनुरोध किया कि वे यह जमीन दे दें तो उन्होंने यह भार्त लगा दी कि हम उस जमीन पर पैसा जमा करवा दें। 1 लाख 83 हजार 5 रूपये हमने जमा करवा दिये हैं। अब हमारी उन से लैटर के द्वारा नहीं लेकिन ओरली बात हुई है कि 1990 में जब उस जमीन की लीज खत्म हो जाएगी तब उसके बाद जमीन हमको दे सकेंगे। किसी कालोनी वगैरह के लिये कोई प्लौट वगैरह वहां नहीं काटे जा रहे है।

डा0 बृज मोहनः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया ये यह जानना चाहता हूं कि क्या हरियाणा में किसी कालेज में किसी भी खेल की ओलमपिक के स्टैंडर्ड का बनाने का सरकार का विचार है?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, बेहतर होता यदि मैम्बर साहेबान यह सवाल ि ाक्षा मंत्री को करने की बजाये खेल मंत्री से करते।

कामरेड हरपाल सिंहः स्पीकर साहब, बहन जी, यहां हाउस में स्टेटमैंट देकर वक्फ बोर्ड को डिफैन्ड कर रही हैं और कह रहीं है कि उस जमीन पर कोई कालोनी नहीं बन रही है और न ही कोई प्लौट काटे जा रहे हैं। दूसरी ओर यह भी कह रही है कि वह जमीन पंजाब वक्फ बोर्ड के अन्डर है उस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते। अध्यक्ष महोदय, मैं हाउस के अन्दर यह कलेम करता हूं कि वहां पर नि ाानदेही हो रही है प्लौटस काटे जा रहे

हैं। क्या बहन जी इस बात की इंक्वायरी के लिये तैयार है जिससे कि उन्हें सही पोजी ान का पता लग सके?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, मैं तो उस लैन्ड की जांच करवा ही नहीं सकती क्योंकि वह हमारे विभाग की जमीन नहीं है। मैं तो सिर्फ खतोखिताब करके उस जमीन को लीज पर हासिल करवा सकती हूं और इसके लिए ि ाक्षा विभाग पुरजोर कोि ा ा कर रहा है।

श्री भगवान सहाय रावतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि किसी भी सरकारी इंस्टीच्यू ान के साथ किसी पोलिटिकल आदमी या किसी महान हस्ती का नाम जोडना किस नियम के तहत आता है? साथ में यह भी बताएं कि हरियाणा सरकार की इस बारे में क्या नीति है क्योंकि हरियाणा ऐग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के साथ जब हमारी सरकार ने चौधरी चरण सिंह का नाम जोडना चाहा था तो उस केंद्र सरकार ने इस काम में रूकावट डाली थी? क्या मंत्री महोदया बताएंगी कि अब इसकी लेटैस्ट पोजी ान क्या है?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, ये बिल्कुल गैर संबधित सवाल पूछ रहे है लेकिन कल आपने मुझे जवाब देने की बलैंकट अनुमति दे दी थी। अगर वह अनुमति आपकी स्टैंड करती है तो मैं इसका जवाब दे देती हूं।

श्री अध्यक्षः दे दीजिए।

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, जहां तक इन्होंने कहा कि नाम जोडने की ि ाक्षा विभाग की क्या नीति है हमारे यहां केवल नाम उसका जोड दिया जाता है जो व्यक्ति कालेज बना कर या कालेज की बिल्डिंग हमको देता है। जब इस तरह का कोई कालेज हम टेक ओवर करते हैं तो उस दानी व्यक्ति का नाम जिसके नाम पर वह जमीन होती है हम उसके साथ जोड देते हैं। जैसे अभी तावडू में हम लोगों ने कालेज खोला है। वहां श्री हरदवारी लाल गोयल है। उन्होंने हमें जमीन भी दी और साढे 12 लाख रूपए भी उसके लिए दिए। तो वहां हमने उनका नाम साथ में जोडा। जहां तक एचएयू का नाम परिवर्तन करने का सवाल है माननीय सदस्य विधान सभा के बहुत जागरूक सदस्यों में से है। मुझे मालूम है कि जब यूनिवर्सिटी के साथ किसी व्यक्ति का या महापुरूश का नाम जोडना होता है तो केंद्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति चाहिए। जब हमने यह नाम लिखने के लिए प्रस्ताव केंद्रीय सरकार को भेजा कि हम कृशि वि वविद्यालय के नाम के साथ भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का नाम जोडना चाहते हैं तो एक इतना बेतुका तर्क देकर उन्होंने इस बात से इंकार कर दिया कि यह कृशि वि वविद्यालय हरियाणा कृशि वि वविद्यालय के नाम से बहुत प्रचलित है बहुत विख्यात है इसलिए इसके साथ नाम जोडा जाना आव यक नहीं है। मैं समझती हूं भाायद इससे बडा बेहुदा तर्क नहीं हो सकता क्योंकि इससे पहले भी कांग्रेस सरकारों ने वि वविद्यालय के साथ नाम जोडा है। पंत साहब के नाम से वि वविद्यालय है और कई

लोगों के नाम से वि वविद्यालय है। जहां तक विख्याति का सवाल है यह तर्क बहुत बेमायनी है। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि पालम एयर पोर्ट का नाम पालम के नाम से बहुत विख्यात है। आज भी हमारे गांव के किसी व्यक्ति ने हवाई अडडे पर जा रहा हूं लेकिन जब उसका नाम बदलने का सवाल आया तो यह विख्यात वाला तर्क नहीं आया। राजीव गांधी हमारे प्रधानमंत्री ने एक कलम की नौक से उसका नाम बदल कर इन्दिरा गांधी इंटरने ानल हवाई अडडा कर दिया। लेकिन जब एचएयू के साथ चौधरी चरण सिंह का नाम जोडने की बात आई तो यह तर्क देकर कि यह हरियाणा कृशि वि वविद्यालय के नाम से विख्यात है हमें इंकार कर दिया गया। इससे बडा राजनीतिकरण और नहीं हो सकता था। यही एक कारण है जिसके कारण एचएयू के साथ उनका नाम नहीं जोडा गया।

चौधरी सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर साहब, मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं क्या गवर्नमैंट कालेज टोहाना इन्दिरा गांधी जी ने भाुरू करवाया था? (हंसी)

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष जी, यह टेकन ओवर कालेज है जब किसी कालेज को हम टेक ओवर करते है तो जो नाम उसका होता है उसी के साथ हमको राजकीय लगाना होता है। जैसे हमने द्रोणाचार्य महाविद्यालय गुडगांव लिया तो उसके साथ राजकीय द्रोणाचार्य कालेज लगा कर लिया। जो होडल का इनका कालेज है। वह बृज मंडल कालेज है। उसको इसी तरह

राजकीय भाब्द साथ लगा कर लिया। यह पहले से टेकन ओवर कालेज चल रहा था इसलिए हमने केवल इसके साथ भाब्द राजकीय लगाया है।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि क्या वे कोई ऐसी व्यवस्था करने जा रहे हैं कि जो गवर्नमैंट स्कूलों से रिक्त पद पडे हैं। उनको जल्दी भरने की कोि ा ा की जाए?

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, यह कालेजों से संबंधित सवाल था इन्होंने स्कूलों में रिक्त पदों की बात पूछ ली। मैंने कल सदन में बताया था कि हमारे यहां एसएसएस बोर्ड से सिलैक्टिड लिस्ट आ गई है। मैथ्स, एसएस और साईंस टीचर्ज के रिक्त पदों को हम बहुत जल्द भर देंगे।

कामरेड हरपाल सिंहः स्पीकर साहब, इन्होंने जवाब देते हुए चूंकि मेन बात को साइड ट्रैक कर दिया इसलिए मैं एक और बात इनसे जानना चाहता हूं। यह इन्दिरा गांधी कालेज पहले एक प्राइवेट इंस्टीच्यू ान से भाुरू हुआ उसके बाद इसका नाम ने ानल कालेज बदल दिया गया था। ने ानल कालेज के बाद यह टेक ओवर होकर गवर्नमैंट बन गया। गवर्नमैंट कालेज बनने के बाद कांग्रेस की हकूमत आई और उन्होंने इसके साथ इन्दिरा गांधी का नाम जोड दिया था। क्या बहिन जी, कोि ा ा करके दोबारा इंदिरा जी का नाम हटा सकती है?

श्रीमति सुशमा स्वराजः कोि ा ा करके हम इसका नाम बदल देंगे।

Domestic Water Connections for Colonies of Faridabad

***993. Shri Kundan Lal Bhatia:** Will the Deputy Chief Minister (II) be pleased to state-

(a) whether there is any scheme under consideration of the Government to give water connections to the houses in the Jawahar, Dabua and Gandhi colonies of Faridabad; and

(b) if so, the time by which the aforesaid water connections are likely to be given to the houses as referred to in part(a) above?

उप मुख्य मंत्री (डा0 मंगल सैन):

(क) हां।

(ख) समय निर्धारित करना संभव नहीं है। यह धनराि ा के उपलब्ध होने पर निर्भर करता है।

श्री कुन्दन लाल भाटियाः स्पीकर साहब, डा0 साहब ने यह कहा कि पैसा आने के बाद पानी का प्रबन्ध किया जाएगा। अगर उसके लिए 30 लाख रूपया दे दिया जाए तो उससे दो करोड रूपए की आमदनी हो सकती है। डबुआ कालोनी जवाहर कालोनी और पंजाबी कालोनी के अन्दर हाउस टैक्स और डिवैल्पमैंट चार्जिज वसूल करने से यह आमदनी हो सकती है।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, मेरे लायक दोस्त ने ठीक सुझाव दिया है मैं इस पर विचार करूंगा और पैसा आने के बाद तुरन्त कार्यवाही भुरू कर देंगे।

श्री कुन्दन लाल भाटियाः स्पीकर साहब, अगर पैसा आने तक इंतजार करनी है तो मैं यह कहूंगा कि डबुआ कालोनी और जवाहर कालोनी में पांच सौ कनैक ान दिए गए है। अगर साथ साथ यह आदे ा दे दें कि जो आदमी डिवैल्पमैंट चार्जिज और हाउस टैक्स दे देगा उसको घर में कनैक ान मिल जाएगा। ऐसा करने से पैसे की समस्या औटोमैटिकली हल हो जाएगी।

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, इनका सुझाव बहुत अच्छा है हम ऐसा ही करेंगे।

Mr. Speaker: Questions list is over.

अतारांकित प्र न एवं उत्तर

Construction of Bridges on Drains

161. Shri Harnam Singh: Will the Minister for PWD (B&R) be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct bridges on the drains falling in between the roads from Shahabad to Chhapri, Ismailabad to Thaska Meeranji and Redaur to Chhahri; and

(b) if so, the time by which the aforesaid bridges are likely to be constructed?

लोक निर्माण मंत्री (श्री ओम प्रका ा भारद्वाज):

(क) 1. भााहबाद से छापरी – जी, हां

2. इस्माईलाबाद से ठसका मीरांजी – जी, नहीं

3. रादौर से छहरी – जी हां

(ख) 1. भााहबाद से छापरी – दिसम्बर 1990 तक

2. इस्माईलाबाद से ठसका मीरांजी – प्र न उत्पन्न नहीं होता

3. रादौर से छहरी – मार्च 1991 तक

Small, Medium and Large Scale Industries in the State

162. Shri Harnam Singh: Will the Minister for Industries be pleased to state-

(a) the total number of Small, Medium, and Large Scale Industries in the State as on 31.3.1989 togetherwith the number of employees working therein; and

(b) whether any of the Industries as referred to in part(a) above, have been closed; if so, the number thereof?

उद्योग मंत्री (डा0 किरपा राम पुनिया):

(क) 31–3–89 तक काम कर रहे लघु स्तर उद्योगों की संख्या 86100 थी जिनमें 517000 व्यक्ति काम कर रहे थे जबकि

बडे एवं माध्यम उद्योगों की संख्या 312 थी जिनमें 125000 व्यक्ति कार्यरत थे।

(ख) उक्त 312 बडे तथा माध्यम उद्योगों में से 31—3—89 के प चात कोई भी उद्योग बन्द नहीं हुआ है। 31—3—89 के बाद लघु स्तर की बन्द इकाईयों के बारे में सूचना उपलब्ध नहीं है।

Transport Nagar at Karnal

156. Seth Lachhman Dass Bajaj: Will the Minister of State for Transport be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to contruct a Transport Nagar at Karnal; and

(b) if so, the time by which the aforesaid proposal is likely to materialize?

Interim reply

DO No. MT-89/12

DHARAMBIR

Minister of State for

Transport, Haryana

Chandigarh

Dated 12-9-1989

Subject: Reply of unstarred Assembly question No. 156

Dear Shri Chatha,

To reply to the unstarred Assembly question No. 156 could not be prepared as some information was to be obtained from field officers/HUDA. Moreover, this question does not relate to the Transport Department. Hence, the question may be transferred to the Town & Country Planning/HUDA and if the reply is to be given by the Transport Deptt. then at least 15 days extension may be given.

With kind regards,

Yours sincerely,

Sd/-

(DHARAMBIR)

Sh. H.S. Chatha

Speaker Haryana

Vidhan Sabha.

अध्यक्ष द्वारा औब्जर्वे ान–

सर्वश्री राजेन्द्र चौधरी और सीता राम जिन्दल के विरूद्ध वि ोशाधिकार मामजे पर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए स्टे संबंधी

Mr. Speaker: Hon. Members now I have to make an observation.

Hon'ble Members, the other day, Shri Hira Nand Arya, MLA made a point that the Punjab and Haryan High Court in granting stay of proceedings in the writ petitition filed by S/Shri Rajinder Chaudhry and Sita Ram Jindal of M/s Jindal Aluminium Limited Bhiwani in regard to the Privilege issue pending consideration by the Privileges Committee had committed a breach of privilege. I promised to make the observation today. I hereby observe:-

"The Courts of law in India have recognised that a House of Parliament or a State Legislative is the sole authority to judge as to whether or not there has been a breach of privilege in a particular case. It has been held that the power of the House to commit for contempt is identical with that of the House of Commons and that a Court of law would be incompetent to scruitinize the exercise of that power. Article 212 of the Constitution of India forbids the jurisdiction of Courts in the working of legislative.

As regards exclusive control of either House over its internal proceedings, Article 105(2) and 194 specifically bar the jurisdiction of the courts of law in respect of anything said or any vote given by a member in Parliament or any Committee thereof.

In 1964, however, there arose a case giving rise to important and complicated questions of law regarding the powers and jurisdiction of the High Court and its judges in relation to the State Legislative and its officers and regarding the powers, privileges and immunities of the State Legislature and its members in relation to the High Court and its judges in the discharge of their duties. The questions of law involved

were of such public importance and constitutional significance that the President considered it expedient to refer the matter to the Supreme Court was discussed by the Conference of Presiding Officers of Legislative Bodies in India held at Bombay in January 1965. Thereafter, the matter has been discussed in the subsequent Conferences of Presiding Officers from time to time and only and only recently at Guwahati in January, 1989 wherein the Chairman of the Conference, the Speaker, Lok Sabha summing up the consensus of the Conference observed;

"The same is the case here. We are supreme. It is to our own conscience that we are answerable now. You are the supreme unquestionable authority on this subject. Our authority cannot be questioned, as far as this is concerned. We must be satisfied and we must make out selves satisfied."

Subsequently, the matter pending before the High Court has been withdrawn but what concerns this body is whether judiciary in such a manner can encroach upon constitutional and sovereign power of Legislature. Such an interference is not only illegal and unconstitutional but it does amount to breach of privilage of this August Body but at the same time it must be remembered that the harmony among the three organs of Government is essential and imperative for the smooth functioning of the State administration nad to strengthen the State craft. Otherwise a situation may take such a turn that it may threaten the existence of rule of law or it may result in complete lack of faith in the organ which commits such an error. As the matter has been withdrawn from the High Court and to maintain harmonious and cordial

relations between the two wings, I close the matter with the earnest hope that the Courts in future will refrain from usurping the domain of Legislatures.

Deputy Chief Minister (Shri Mangal Sein): This is a histrociall ruling, Sir.

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। आपने जो रूलिंग दी है उस पर मैं कोई बहस नहीं करूंगा। (ाोर)

Revenue Minister (Shri Suraj Bhan: Sir, your ruling cannot be questions.

Shri Hira Nang Arya: Sir, I am not questioning your ruling. I want to make a submission.

Mr. Speaker: Please do not touch this matter now.

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा हूं कि उन्होंने मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल के खिलाफ बहुत गम्भीर भ्रश्टाचार के ओराप लगाए हैं इसलिये उनके खिलाफ कोई एक ान लिया जाना चाहिए।

Mr. Speaker: I have already said that this matter is now closed. Let us proceed to the other item.

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, आप उनके खिलाफ कोई ऐक ान तो लें।

Mr. Speaker: This is not the point. आपने जो प्वायंट उठाया था I have taken that into consideration and have given my verdict. Now that chapter is closed.

विभिन्न विशयों का उठाया जाना

श्री रघु यादवः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री व गृह मंत्री महोदय ने आरोप लगाया है कि इस सदन के कुछ सम्मानित सदस्यों ने दिल्ली के एक होटल में सौदेबाजी की है। (विघ्न) इस संबंध मे मैंने रूल 84 के तहत एक नोटिस दिया हुआ है उसका क्या हुआ?

Mr. Speaker: That is under consideration.

श्री रघु यादवः अध्यक्ष महोदय, अखबारों में खबरें छपी हैं कि हरियाणा के एक व्यक्ति का हरियाणा पुलिस के अफसरों ने नई दिल्ली के पांच सितारा होटल से अपहरण कर लिया है। इस संबंध में मैंने रूल 73 के तहत मो ान दिया है उसका क्या हुआ?

Mr. Speaker: I have not received that.

Shri Raghu Yadav: I have given it, Sir.

Mr. Speaker: That might be in the office.

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): आप उप व्यक्ति का नाम बता दें। हम पता करा लेते हैं।

श्री रघु यादवः नाम का तो सभी को पता है। कहो तो पूरी कहानी ही बता दूं।

श्री अध्यक्षः कहानी बताने की जरूरत नहीं है। आप कृपया बैठें। I will took into that.

श्री रघु यादवः स्पीकर साहब मैंने मुख्यमंत्री जी की हवाई यात्राओं के बारे में एक सवाल दिया था। उसका मुझे कोई जवाब नही मिला और न ही वह सवाल इन दिनों लगा।

श्री अध्यक्षः आपको जवाब जरूर मिल गया होगा। अगर नहीं मिला है तो अब मिल जायेगा।

श्री रघु यादवः कब मिल जायेगा?

Mr. Speaker: You will get it just now.

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर साहब, मैंने यमुना नदी के कटाव के बारे में एक काल अटैं ान मो ान दिया हुआ है उसका क्या हुआ?

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, वह एडमिट हो चुकी है और आज ही लगी हुई है।

श्री कैला ा चन्द भार्माः स्पीकर साहब, मैनें भी एक काल अटैं ान मो ान धारूहेडा में जो हीरो हाण्डा फैक्टरी लगी हुई है उसके संबंध में दी हुई है क्योंकि वहां पर करीब 6 महीने से हडताल चल रही है। मेरी उस मो ान का क्या हुआ?

श्री अध्यक्षः वह डिस अलाउ हो गई है।

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव–

यमुना नदी द्वारा हरियाणा की ओर बढ रहे भूमि कटाव संबंधी

Mr. Speaker: Hon'ble Members, I have received a notice of calling attention motion no. 6 from Shri Rattan Lal Kataria, MLA regarding increasing of soil erosion towards Haryana by Yamuna river. I admit it. वह अपना मो ान पढ दे। उसके बाद मिनिस्टर साहब स्टेटमैंट दे दें।

श्री रतन लाल कटारियाः अध्यक्ष महोदय, मैं इस महान सदन का ध्यान अपने निर्वाचन क्षेत्र में यमुना नदी के साथ लगते क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हं। पूर्व वर्शो की भान्ति इस वर्श भी बाढ के दौरान भूमि कटाव काफी अधिक हुआ है और यह कटाव हरियाणा की तरफ बढ रहा है जिसके फलस्वरूप गांव बागवाली लाल छप्पर, गुमथलाराव, सन्धौला, सन्धोली, जथलाना और उन्हेरी का अस्तित्व खतरे में पड गया है और इस दरिया में बाढ के आने से कृशकों की करोडो रूपये की फसल नशट हो जाती है। मैं माननीय सिंचाई तथा विद्युत मंत्री से अनुरोध करता हूं कि वह राज्य सरकार द्वारा इस बारे में उठाए जा रहे पगो के बारे में स्टेटमेंट दें।

वक्तव्य

राजस्व मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्शण प्रस्ताव सम्बन्धी

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब, इनके इस मो ान का जवाब रैवेन्यू मिनिस्टर साहब देंगे।

राजस्व मंत्री (श्री सुरजभान): स्पीकर साहब, दरिया यमुना से हरियाणा क्षेत्र में अधिक बाढ आती है। ऐसी बाढ की रोकथाम के लिये एक अच्छा हल स्टोरेज डैम बनाया है। हरियाणा राज्य में ऐसी स्टोरेज बनाने के लिए स्थान उपलब्ध नहीं है और कुछ स्टोरेज स्थान उत्तर प्रदे ा व हिमाचल प्रदे ा के उपरी भागों में उपलब्ध है लेकिन इस बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। इसलिये गांव बागवाल, लाल छप्पर, गुमथला राव, सन्धाला व उन्हेरी गांवों को बाढ से बचाने के लिए हरियाणा के पास केवल एक ही उपाय था कि जल बहाव रोक बांध बनाए जाये जिसे हरियाणा राज्य बाढ नियंत्रण बोर्ड ने अपनी 14वीं बैठक दिनांक 17–2–79 में आईटम नं0 3(25) द्वारा 54.07 लाख रूपये की कीमत से अनुमोदित किया। लेकिन यमुना समिति द्वारा उसे रदद कर दिया गया तथा इसलिये यह निर्माण कार्य संभव नहीं हो सका। सरकार भूमि कटाव को रोकने की और इन गांवों में बहाव को कम करने की समस्या के प्रति जागरूक हरियाणा राज्य बाढ नियंत्रण बोर्ड ने 1988 में आई बाढ के अनुभव के प चात निम्नलिखित योजना अनुमोदित की थी–

